केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
संस्कृत मार्ग, बागसेवनिया, भोपाल – **462043**

दिनांक 25-01-2023

महान संत प्रख्यात जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी का केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर में वसंत पंचमी के पावन अवसर पर आगमन

शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के भोपाल परिसर में कल वसंत पंचमी के पावन अवसर पर प्रातः 11 से 12 अपराह्न के मध्य महान संत संस्कृतज्ञ शिक्षाविद प्रख्यात जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी का स्वागत सम्मान समारोह आयोजित है। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर राष्ट्र व समाज के प्रति उनके महान योगदान की स्तुति करते हुए उनके आशीर्वचन का आकांक्षी है। समाज में ऐसे संत व महापुरुष विरले ही होते हैं जो अपने व्यक्तित्व मात्र से ही प्रेरणा की स्रोत धारा प्रवाहमान करते हैं। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर सौभाग्यशाली है कि समस्त छात्र व शिक्षक गण महान संत के सांनिध्य से लाभान्वित होंगे। ऐसे महापुरुषों की ज्ञानधारा छात्रों व शिक्षकों को अपने राष्ट्रीय सेवा के कर्म में सतत् रहने की प्रेरणा देगी । कृपया इस स्वागत समारोह की सूचना अपने प्रतिष्ठित समाचार माध्यम से प्रसारित करने का कष्ट करे एंव इस अवसर पर अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्जकर स्वयं भी लाभ प्राप्त करें धन्यवाद ।

भवदीय

प्रो. रमाकांत पाण्डेय